प्रेस नोट / ट्रैफिक एडवाइजरी

यातायात पुलिस कमिश्नरेट वाराणसी

दिनांक 09.02.2025 को श्री पंच दसनाम जूना अखाड़ा के रमतापंच जो कि प्रयागराज महाकुंभ से कुंभ स्नान करने के पश्चात समय 12.00 बजे से 18.00 बजे के बीच वाराणसी नगर में रखौना, परमपुर, अकेलवा, थाना लोहता, चॉदपुर, थाना मण्डुवाडीह, मण्डुवाडीह चौराहा, महमूरगंज ओवरब्रिज, आकाशवाणी, रथयात्रा चौराहा, हनुमान मंदिर रथयात्रा होते हुये अपने निर्धारित पड़ाव स्थल जापेश्वर मठ, बैजनत्था वाराणसी जायेंगें। उक्त कार्यक्रम को दौरान सुगम यातायात व्यवस्था हेतु निम्न ट्रैफिक एडवाइजरी लागू की जा रही है-

- **D-1 जो वाहन अखरी या बीएचयू से भिखारीपुर, मण्डुवाडीह, लहरतारा होते हुये फुलवरिया अथवा कैंट की तरफ जाना चाहते है वो ककरमत्ता ओवरब्रिज के नीचे से महमूरगंज तिराहा होते हुये अपने अपने गंतव्य को जा सकेगें।**
- **D-2 जो वाहन मलदहिया, साजन, सिगरा, रथयात्रा होते हुये बीएचयू के तरफ जाना चाहते है वो मलदहिया से धर्मशाला तिराहा से लहरतारा ओवरब्रिज के नीचे से महमूरगंज तिराहा, भिखारीपुर होते हुये अपने अपने गंतव्य को जा सकेगें।**
- **D-3 जो वाहन बीएचयू से चेतमणि, कमच्छा, रथयात्रा होते हुये सिगरा, साजन के तरफ जाना चाहते है वो कूड़ाघर भेलूपुर से शंकर पोखरा से खोजवा पुलिस चौकी के बगल से सीधे ककरमत्ता निकलेगें, वहॉ से ककरमत्ता ओवरब्रिज के नीचे से महमूरगंज तिराहा होते हुये अपने अपने गंतव्य को जा सकेगें।**

नोट- चेतमणि से कमच्छा, रथयात्रा होते हुये सिगरा, साजन जाने वाला मार्ग समय 14.00 – 17.00 बजे तक बंद रहेगी। अतः उक्त मार्ग में जाने से बचें, क्योंकि जूलुस को देखते हुये उक्त मार्ग मे कभी भी डायवर्जन कराया जा सकता हैं।

अतः सर्व सम्बन्धित से यातायात पुलिस कमिश्नरेट वाराणसी की विनम्र अपील है कि उपरोक्तानुसार प्रस्तावित कार्यक्रम को देखते हुए वैकल्पिक मार्गों का प्रयोग करें एवं अत्यंत आवश्यकता की दशा में ही वाहन एवं अतिरिक्त समय लेकर जूलुस यात्रा के मार्ग में निकले । उपरोक्त कार्यक्रम को सकुशल सम्पन्न कराने में यातायात पुलिस कमिश्नरेट वाराणसी को सहयोग प्रदान करने का कष्ट करें।